PUBLICATION NAME :	Dainik Bhaskar
EDITION :	Gwalior
DATE :	02/03/24
PAGE :	22

दैनिक भास्कर
शिवपुरी भास्कर 02-03-2024

शिवपुरी
दैनिक भास्कर
ग्वालियर, शनिवार, 2 मार्च, 2024 22

बदरवास क्लस्टर की 300 महिलाएं मोदी जैकेट सिलेंगी

बेहतर क्वालिटी की जैकेट बनाने के साथ ब्रांडिंग व बाजार उपलब्ध कराने अकाउंटिंग का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा

भास्कर संवाददाता| बदरवास/शिवपुरी

जिले का बदरवास ब्लॉक प्रदेश में जैकेट क्लस्टर के रूप में प्रसिद्ध हो चुका है। यहां जैकेट सिलने का काम करने वाली महिलाओं को अब विशेष कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिलाओं के जैकेट सिलने के हुनर को और निखारने व आर्थिक विकास में इजाफा करने जरूरी संसाधन तथा समझ विकसित करने भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी) गांधीनगर के साथ साझेदारी की है। बदरवास क्लस्टर की 19 महिला कारीगरों के लिए ईडीआईआई परिसर में गुणवत्ता की परख, बिक्री कौशल और विजुअल मर्चेंडाइजिंग पर 13 से 18 फरवरी तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। बदरवास की इन महिलाओं को अपना जैकेट सिलने का कौशल और ज्ञान बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान किया। कोर्स में कपड़ा निर्माण की पेचीदगियां, बिक्री-मार्केटिंग की रणनीतियां और ब्रांड निर्माण के पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया। निफ्ट परिसर में चार दिवसीय व्यावहारिक सत्रों के दौरान महिलाओं को कपड़े की जांच, गुणवत्ता मापदंडों और पैकेजिंग तकनीकों पर मजबूत प्रशिक्षण दिया। इसके बाद, ईडीआईआई परिसर में दो दिवसीय प्रशिक्षण मॉड्यूल उद्यमिता की बुनियादी बातों, लागत और मूल्य तय करने की रणनीतियों, बिक्री तकनीकों, संसाधन जुटाने और अनुपालन प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा करेगा।

जैकेट की क्वालिटी बेहतर कैसे हो, इसे लेकर महिलाओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं

ग्रामीण विकास मंत्रालय की यह पहल कौशल प्रशिक्षण से भी आगे का नजरिया लेकर चल रही है। यह महिलाओं के स्वामित्व और प्रबंधन वाली एक प्रोड्यूसर कंपनी की स्थापना के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाती है। जैकेट की क्वालिटी और बेहतर कैसे हो, इसे लेकर महिलाओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं। यह प्रोग्राम चार साल तक चलेगा।

- डॉ. सुनील शुक्ला महानिदेशक, ईडीआईआई

महिलाओं का चार साल तक प्रोग्राम चलेगा

बदरवास क्लस्ट की 300 महिलाएं जैकेट सिलने का काम कर रहीं हैं। मोदी जैकेट की मांग देश भर में तेजी से बढ़ रही है। प्रोडक्ट की क्वालिटी और बेहतर करना लक्ष्य रखकर जैकेट सिलने वाली महिलाओं को फैशन डिजाइनिंग में दक्ष करने का लक्ष्य है। शुरूआत में जिन 19 महिलाओं को ट्रेनिंग दी जा रही है, वह मास्टर ट्रेनर के रूप में दूसरी साथी महिलाओं को प्रशिक्षित करेंगी। प्रशिक्षण के बाद ब्रांडिंग, एग्जीविसन, एनालाइसिंग और रिजल्ट पर फोकस रहेगा। यह प्रोग्राम चार साल तक चलेगा।